प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 21.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य के नवनियुक्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता का लोकभवन में आज शपथ ग्रहण समारोह, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दिलायेंगे पद और गोपनीयता की शपथ ।**
2. **मुख्यमत्री हेमंत सोरेन आज नवनियुक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पयवेक्षिकाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
3. **रेलवे ने बदले नियम , अब सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी पर भी दिव्यांग कोच में यात्रा की अनुमति।**
4. **हीट वेव की चपेट में झारखंड , मौसम विभाग का आज और कल राज्य के कई हिस्सों में लू को लेकर येलो अलर्ट, स्कूलों का बदला समय।**
5. **और राजगीर में आयोजित सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप में झारखंड की पुरूश टीम पंजाब को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची।**

****

राज्य के नवनियुक्त लोकायुक्त न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता का आज रांची स्थित लोकभवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह साढ़े 11 बजे एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे.

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में आयोजित एक समारोह में नवनियुक्त बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और श्रममंत्री संजय यादव भी उपस्थित रहेंगे।

****

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन आज नई दिल्ली में 18वें सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय है– विकसित भारत –अंतिम छोर तक नागरिक केन्द्रित शासन और विकास।

****

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सरायकेला–खरसावां जिले में बच्चों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जेईई मेन सत्र 2 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में कुल 2 लाख 50 हजार 182 अभ्यर्थी जेईई एडवांस्ड के लिए योग्य घोषित हुए हैं। इसमें झारखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 99.97 पर्सेंटाइल के साथ   रांची की छात्रा वैष्णवी कुमारी झारखंड टॉपर बनी है रांची के और भी अभ्यर्थियों ने शानदार सफलता हासिल की है। देवेश अग्रवाल 99.96 पर्सेंटाइल के साथ राज्य के दूसरे टॉपर रहे

****

दिव्यांगजनों के लिए रेलवे यात्रा नियमों में बदलाव किया गया है। अब दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड पर भी ट्रेनों के दिव्यांग कोचों में यात्रा कर सकेंगे।

****

रेलवे अगले तीन महीने में देशभर में ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के 18 हजार दो सौ 62 फेरे संचालित करेगा। यात्रियों की बढ़ती मांग, निर्बाध तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए यह निर्णय लिया गया है। रेलवे ने बताया कि इस वर्ष 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक कुल नौ सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन को मंजूरी दी गई है।

****

पूर्वी सिंहभूम में सुवर्णरेखा नदी किनारे मिले 227 किलोग्राम के शक्तिशाली बम को आज निष्क्रिय किया जाएगा। अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

चतरा जिला मुख्यालय में संचालित रेलवे का टिकट काउंटर बंद नहीं होगा। लोगों को टिकट खिड़की की सुविधा मिलती रहेगी। जिला मुख्यालय स्थित रेलवे टिकट काउंटर के बंद होने की सूचना मिलते ही चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने त्वरित पहल करते हुए संबंधित रेल प्रबंधन को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया ।सांसद की सक्रियता के बाद रेल विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि चतरा का रेलवे टिकट काउंटर पूर्व की भांति नियमित रूप से काम रहेगा।

****

राजगीर में आयोजित सीनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में झारखंड की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है. प्री–क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड ने पंजाब को 12– 5 से हराया. इससे पहले लीग मुकाबलों में झारखंड ने केरल को

5–0 से, दादर नगर हवेली एवं दमन दीव को 19–0 से पराजित किया। झारखंड के सुखदेव मुंडू, अजीत नाग, डेविड मुंडा और अभिषेक टूटी ने स्कोर किया।

****

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। भीषण गर्मी को देखते हुए आज से स्कूलों के समय में भी बदलाव किया गया है । मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार समेत कई जिलों में आज और कल हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मेदिनीनगर का तापमान सबसे अधिक तैंतालीस दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा । मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने पलामू और कोल्हान प्रमंडल समेत कुछ जिलों में तापमान चौवालीस डिग्री तक पहुंचने का पूर्वानुमान जताया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने झारखंड में भीषण गर्मी और कई जिलों में लू चलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर की हेडलाइन है – तप रहा झारखंड , आज से स्कूल सुबह 7 से 12 बजे तक ही चलेंगे।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– ट्रेजरी घोटाले में उच्च स्तरीय समिति ने वित्त विभाग और एजी से मांगे कागजात।
हिंदुस्तान की सुर्खी है– पश्चिम सिहंभूम डिस्ट्रिक ऑफ कन्सर्न के रूप में चिन्हित, अब इस जिले में चिंता मुक्त विकास अभियान चलेगा।
प्रभात खबर ने लिखा है – जेईई मेन 2026– रांची की वैष्णवी 99.97 पर्सेंटाइल के साथ बनी झारखंड टॉपर।

**********समाप्त**********